>

Title: Request to establish textile park and logistic hub in Ratlam.

इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया है । मेरे लोक सभा क्षेत्र रतलाम के पास से 8 लेन का एक्सप्रेसवे निकल रहा है । यह एक्सप्रेसवे करीब 90 किलोमीटर हमारे लोक सभा क्षेत्र में है तथा नवंबर, 2022 तक तैयार होना है । रतलाम बहुत तेज़ी से महानगर बन रहा है । सड़क मार्ग, रेल मार्ग से भी जुड़ा हुआ है । हवाई पट्टी भी हमारे यहां हैं । पानी और बिजली भी उपलब्ध है और औद्योगिक विकास हेतु उपयुक्त स्थान है । हमारे रतलाम नगर और 8 लेन एक्सप्रेसवे के बीच में चार हज़ार एकड़ ज़मीन औद्योगिक पार्क के लिए आरक्षित की गई है । इसमें से हज़ार एकड़ ज़मीन टेक्सटाइल पार्क के लिए है तथा हज़ार एकड़ ज़मीन लॉजिस्टिक हब के लिए है । इस बाबत मध्य प्रदेश शासन ने केंद्र शासन से अनुरोध किया है कि यहां पर टेक्सटाइल पार्क और लॉजिस्टिक हब का निर्माण शीघ्र किया जाए ।

मैं आपके माध्यम से केंद्र शासन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि टेक्सटाइल पार्क और लॉजिस्टिक हब का निर्माण शीघ्र करें । धन्यवाद ।